## महत्वपूर्ण एवं खास

### मतगणना कर्मियों का प्रशिक्षण 8 एवं 12 दिसम्बर को

रायगढ़। विधानसभा निर्वाचन 2018 अंतर्गत मतगणना कर्मियों का प्रशिक्षण 8 एवं 10 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक रायगढ़ में आयोजित की जाएगी।

### जवाहर नवोदय विद्यालय

### प्रवेश हेतु चयन परीक्षा के लिए आनलाईन आवेदन 15 दिसम्बर तक

रायगढ़। कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के माध्यम से सत्र 2019-20 में आवेदन कर सकते हैं। पात्र अभ्यर्थी 15 दिसम्बर तक ऑनलाईन माध्यम से आवेदन पत्र भर सकते हैं।

### पिकअप की ठोकर से बाइक सवार युवक घायल

रायगढ़ । तेज रफ्तार अज्ञात पिकअप वाहन की ठोकर से बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल होने का मामला सामने आया है। मामले में अज्ञात पिकअप की खोजबीन करने घरघोड़ा पुलिस मामला दर्ज कर लिया है। गुरुवार सुबह करीब 11.40 बजे घरघोड़ा थाना क्षेत्र के भेंड्रा पावर प्लांट गेट के पास घटित हुई है। जानकारी के अनुसार जशपुर के बागबहार क्षेत्र का रहने वाला दीवान पन्ना अपनी बाइक से जा रहा था जिसे भेंड्रा पावर प्लांट गेट के सामने अज्ञात अज्ञात पिकअप चालक ने ठोकर मार दी जिससे ठोकर मारकर मौके से फरार हो गया। हादसे में युवक को काफी चोटे आई है जिसे घरघोड़ा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गौरतलब है कि भेंड्रा मोड़ लोगो के लिए अभिशप्त बन गया हैं जहां पहले भी कई बार दुर्घटना घटित हो चुकी है जिससे कई लोग काल कलविंत हो गए है।

### पति, सास, जेठ-जेठानी के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**2 लाख रूपये मायके से लाने का दबाव देकर कर रहे थे प्रताड़ित**

रायगढ़। सक्ती जिला जांजगीर-चाम्पा में निवासरत युवती द्वारा उसके पति व ससुराल वालों के विरूद्ध दहेज की मांग तथा छोटी-छोटी बातों को लेकर झगड़ा मारपीट कर प्रताडित करने संबंधी आवेदन थाना चक्रधरनगर में दिया गया था। थाना चक्रधरनगर में आवेदन पत्र पर की जांच कर पीडिता एवं उसके पति को काउंसलिंग के लिये पारिवारिक सलाहकार केन्द्र रायगढ़ में भेजा गया, कॉउसलिंग में दोनों पति-पत्नी के बीच आपसी समझौता नहीं होने पर 5 दिसंबर को पीडिता के दिये आवेदन पत्र पर उसके पति, सास, जेठ-जेठानी के विरूद्ध अप. क्र. 459/18 धारा 498(A) IPC पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

### मड़ई महोत्सव का आयोजन 16 से

रायगढ़। शहर में 24वां मड़ई महोत्सव का आयोजन 16 दिसम्बर को होना है। इसके लिए यादव समाज कल्याण सेवा समिति द्वारा आयोजन को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारिया की जा रही है। मड़ई महोत्सव में बड़ी संख्या में नाचा दल आकर्षक वेशभूषा में होंगे। शहर में आयोजित होने वाला 24 वां मड़ई महोत्सव का आयोजन कला संस्कृति धानी की एक पहचान बन चुकी है। मड़ई महोत्सव छत्तीसगढ़ की लोक कला व संस्कृति को प्रकट करती है।

# हाईकोर्ट ने प्रदेश के 8 सिविल जजों का किया तबादला

बिलासपुर। हाईकोर्ट ने प्रदेश के 8 सिविल जजों का तबादला कर दिया है। इसके साथ ही तीन सिविल जजों को पदोन्नत भी किया गया है। यह आदेश बिलासपुर हाईकोर्ट से 6 दिसंबर को जारी किया गया है।



जिसमें पखांजूर के सिविल जज क्लास टू को तखतपुर, कु चेतना ठाकुर को दुर्ग से रायपुर, आनंद कुमार सिंह को कोंडागांव से मरवाही, कु दीप सुचिता तिर्की को तखतपुर से पखांजूर, उमेश कुमार भागवतकर को बिलासपुर से केशकाल, कामिनी जायसवाल को पिथौरा से महासमुंद, कु नीलम बंसोड़ को जशपुर से बिलासपुर स्थानांतरित किया है। वहीं सीनियर सिविल जज भूपेन्द्र कुमार वासनीकर को चिरमिरी से दुर्ग स्थानांतरित किया है। वहीं तीन सिविल जजों के बतौर सीनियर सिविल जजों को बतौर सिविल जज क्लास वन पदोन्नत किया है जिसमें मरवाही में पदस्थ एकता अग्रवाल को चिरमिरी, केशकाल में पदस्थ पवन कुमार अग्रवाल को रायपुर सिविल जज क्लास वन और पिथैरा मे पदस्थ पंकज दीक्षित को गुंडरदेही के सिविल जज क्लास वन मे पदोन्नत करते हुये पदस्थापना आदेश जारी किया किया है।

## रास्ते में मनचला करता था छेड़छाड़, अपराध दर्ज



रायगढ़ । साल भर से महिला युवक के छेड़छाड़ करने से परेशान थी। युवक की छेड़खानी से व्यथित होकर महिला ने इसकी शिकायत थाने में कर दी है। मामले मे पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। थाना चक्रधरनगर क्षेत्रान्तर्गत प्राची विहार में निवासरत महिला द्वारा टीवी टावर में रहने वाले युवक पर छेड़खानी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है । महिला ने बताया कि करीब एक वर्ष से युवक रास्ते में आते-जाते समय अश्लील हकरत व अश्लील टिप्पणी करता था। इस घटना से कई बार महिला को शर्मसार होना पड़ा। वही बुधवार को उक्त मनचले ने सारी हदें पार करते हुए गुरुवार सुबह महिला काम पर जा रही थी तो उसका हाथ पकड़ लिया। जिसका विरोध करने पर मनचले आरोपी ने गाली गलौज करने लगा। इससे क्षुब्ध महिला का सब्र का बांध टूट गया। तत्पश्चात परिजनों को अवगत कराते हुए थाने में अपराध दर्ज करवाई है।

## ट्रक की ठोकर से ट्रैक्टर सवार तीन मजदूर घायल




रायगढ़। जूटमिल चौकी क्षेत्र छातामुड़ा चौक में ट्रक और ट्रैक्टर की आमने -सामने भिड़ंत होने का मामला सामने आया हैं। ट्रक व ट्रैक्टर में भिड़ंत इतनी भयावह थी की ट्राली में बैठे मजदूर दूर छिटक गए। तेज रफ्तार ट्रक की ठोकर मारने से ट्रैक्टर में सवार मजदूर बाल बाल बचे गए जिन्हें घायल अवस्था मे मेकाहारा अस्पताल इलाज के लिए भर्ती किया गया है।

इस सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार सुबह शहर के छातामुड़ा बाईपास चौक के पास एक तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक एचआर 55 एम 3754 ने ट्रैक्टर को जोरदार ठोकर मार दी जिससे ट्रैक्टर ट्राली में सवार 3 मजदूर छिटककर दूर गिर गया। इस हादसे में गनीमत यह रही की ट्रैक्टर ट्राली में बैठे मजदूरों को ज्यादा चोटे नहीं आयी है। वही घायल मजदूरों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जिसमें पार्वती टोप्पो 23 वर्ष निवासी बाबाधाम रायगढ़, सहोद्रा 27 वर्ष और घुरऊ उरांव 30 वर्ष है। घटना सुबह 11 बजे के आसपास की थी। इस वजह से रोजना की तरह चहलकदमी बनी हुई थी। लोगो ने उक्त घटना की खबर मिलते ही मौके पर एकत्रित होने लगे। जहां देखते ही देखते हुजूम उमड़ पड़ा था। जिसे मौके पर भारी संख्या में कोतवाली व जूटमिल पुलिस मौजूद होने से स्थिति को काबू में किया। वहीं घटना के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

# जोन 2 में 121 उपभोक्ताओं की काटी बिजली, बिल से पौने 9 लाख की वसूली

रायगढ़। हफ्ते भर से ताबड़तोड़ कार्रवाई करने वाले बिजली विभाग ने गुरूवार को भी अपना वसूली अभियान जारी रखा है। अकेले जोन 2 में ही गेरवानी व लैलूंगा एरिया में विभाग ने 121 उपभोक्ताओं की बिजली काट दी है और इनके बिल से करीब पौने 9 लाख की वसूली की है।



जिले में बिजली विभाग का बकाया वसूली अभियान जारी है। रायगढ़ से बकाया 73 करोड़ की वसूली का लक्ष्य मिलने के बाद से सीएसपीडीसीएल के अफसरों ने एकसूत्रीय अभियान चला रखा है। रायगढ़ जोन 1 व जोन 2 के अलावा सारंगढ़ डिवीजन में इस बकाया वसूली के लिए विभाग ने कुल 24 टीमें बनाई हुई हैं। जो कि हर दिन कार्रवाई कर रही हैं। बुधवार को राइस मिल व उद्योंगों समेत सैकड़ों उपभोक्ताओं पर विभाग ने कार्रवाई कर करीब 24 लाख की वसूली की थी और गुरूवार को भी विभाग की टीम ने यह कार्रवाई जारी रखी है। जोन 2 के अंतर्गत गेरवानी एवं लैलूंगा वाले इलाके में 12 टीमों ने 189 बकायादारों के यहां पर जाकर चेकिंग की और इसमें से 121 के कनेक्शन काट दिए हैं। इन पर कुल 24 लाख 52 हजार का बकाया बिल था। इसमें से 29 उपभोक्ताओं ने आंशिक भुगतान भी किया है। इसमें साई फ्लाई ऐश ब्रिक्स , पेपर प्लेट इंडस्ट्रीज के अलावा टावर विजन राजपुर एवं नारायण मित्तल लैलूंगा का बिजली कनेक्शन काटा गया है और बकाया बिल से बिजली विभाग ने 8 लाख 71 हजार रूपए की वसूली की है। इसी तरह डिवीजन 1 एवं सारंगढ़ एरिया में भी कार्रवाई की गई है।

## जंगल में चल रहा था जुआ, चार पकड़े गए

रायगढ़। जुआ सट्टा पर लगाम लगाने के लिए जिला पुलिस कप्तान द्वारा अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। वही इस क्रम में बुधवार शाम करीब 5 बजे भूपदेवपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग जंगल मे ताश खेल रहे है। इस बैगेर समय गवाए भूपदेवपुर पुलिस ने योजना बद्ध तरीके से दबिश दिए। जहा ग्राम जबलपुर में तालाब के किनारे सराई दरहा जंगल अंदर तास पत्ती से जुआ खेल रहे। रतन राठौर पिता हीरालाल राठौर उम्र 37 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती खरसिया अमित कुमार चौहान पिता दिलेश्वर चौहान उम्र 38 वर्ष निवासी बांसमुडा, संजय निषाद पिता पिहरीलाल निषाद उम्र 26 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती खरसिया, अनिल राठौर पिता भूनेश्वर राठौर उम्र 26 वर्ष निवासी बाई पास रोड खरसिया को जुआ खेलते हुये पकडे, वही जुआडियान से नगदी रकम 1150 रूपये एवं 52 पत्ती तास जब्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना भूपदेवपुर में धारा 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही की जा गई है।



**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**



**आवश्यकता** इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐश्वर्या श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी तकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां** मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु** प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

**पीड़ित संपर्क करें** संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक नीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

**CAREER SCHOOL**

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

**ADMISSION OPEN**


ENGLISH MEDIUM — For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session






Topper Students Last Session




Join CAREER...

**Major Facts**

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931